फा. सं.1/124(37)/2020-भर्ती.-V

भर्ती.-V अनुभाग

पद का नाम	कृषि मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में कृषि इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन) के पद के लिए 01 रिक्ति (अ.पि.व.) पर भर्ती।
विज्ञापन सं.	11/2021

• प्रारंभ में ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक 31.10.2022 को इस भर्ती मामले की संवीक्षा और शॉर्टलिस्टिंग का विवरण अपलोड किया गया था।

• उम्मीदवारों को 15.11.2022 तक ईमेल के माध्यम से अपने सरोकारों को व्यक्त करने के लिए एक विंडो प्रदान की गयी थी ।

• यह भी उल्लेख किया गया था कि सभी ई-मेल की जांच की जाएगी लेकिन जैसा कि पहले बताया गया है ऐसे किसी भी मेल का कोई व्यक्तिगत जवाब नहीं दिया जाएगा। आगे यह भी आश्वासन दिया गया था कि पुनरीक्षित संवीक्षा और शॉर्टलिस्टिंग विवरण नियत समय में अपलोड किए जाएंगे।

• कुल 06 अभ्यावेदन प्राप्त हुए और उन सभी की जांच की गई है।

• एक उम्मीदवार जिन्हें पहले खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब अभ्यावेदन की जांच के बाद योग्य पाया गया है, उसे अब शॉर्टलिस्ट किया गया है और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया गया है।

• तदनुसार, आवेदकों की संशोधित संवीक्षा निम्नानुसार है:

रिक्ति सं. **विज्ञापन सं.**	**21081102528** **11/2021**
अनिवार्य योग्यताएं (अ.यो.)	**अनिवार्य योग्यताएं (अ.यो.) :-** **(क): शैक्षिक** : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अथवा इंस्ट्रूमेंटेशन प्रौद्योगिकी में डिग्री। **(ख) अनुभव** : (ii) किसी भी सरकारी या निजी (सूचीबद्ध) संगठनों से स्वचालित मापन और नियंत्रण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत उपकरणों की संस्थापना, अंशांकन और रखरखाव में दो साल का अनुभव और स्ट्रेन गेज, ध्वनि और कंपन उपकरण आदि हैंडल करने का अनुभव।
कुल आवेदन	**127**
उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपनाए गए मानदंड	**<u>अ.पि.व. श्रेणी के लिए मानदंड</u> :** **अ.यो.**-'**क**' + **अ.यो.**-'**ख**'
	i) प्रारंभिक संवीक्षा ऑनलाइन की गई है। पहले, उम्मीदवारों द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन में प्रदान की गई सूचना / किए गए दावों के आधार पर कंप्यूटर प्रणाली द्वारा सृजित की गई रिपोर्ट के आधार पर, और उसके बाद आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए अनुसमर्थित दस्तावेजों की संवीक्षा के आधार पर, जो केवल ऐसे उम्मीदवारों के मामले में की गई, जिन्हें ऑनलाइन आवेदनों में उनके द्वारा प्रदान की गई सूचना / किए गए दावों के आधार पर प्रथम दृष्टया पात्र पाया गया। **ii)** आवेदनों की संवीक्षा पूर्ण रूप से प्रश्नगत पद के लिए भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार की गई है। **iii)** उम्मीदवारों द्वारा दावा किए गए कुल अनुभव पर विचार किया गया, यदि इसके समर्थन में आवश्यक प्रमाणपत्र लगाए गए हैं।

मापदंड	**iv)** विज्ञापन में निर्दिष्ट संगत क्षेत्रों में अनुभव को ध्यान में रखा गया है। यदि अनुभव भर्ती नियमों तथा पद के विज्ञापन में यथानिर्धारित संगत क्षेत्र में नहीं है या परिकलित संगत अनुभव भर्ती नियमों में यथानिर्धारित आवश्यक अवधि से कम है, तो ऐसे उम्मीदवारों को **"एलईक्यू.-ख"** के अन्तर्गत अस्वीकृत कर दिया गया है। आवेदक जिन्होंने संगत अनुभव का दावा किया है लेकिन जो अनुभव प्रमाणपत्र इसके समर्थन में लगाए हैं वे दावा किए गए अनुभव का समर्थन नहीं करते, ऐसे आवेदनों को भी **"एलईक्यू-ख"** श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत किया गया है। **v)** जिन उम्मीदवारों के पास प्रासंगिक आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नहीं है, उन्हें **"एलईक्यू-क"** के रूप में अस्वीकृत कर दिया गया है। **vi)** प्रासंगिक विषय में एएमआईई **(**एसोसिएट मेम्बर ऑफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स) डिग्री को **"ईक्यू-क"** (**शैक्षिक योग्यता)** के प्रासंगिक नहीं माना गया है। **vii)** उम्मीदवार की पात्रता को सुनिश्चित करने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड किया हुआ / उपलब्ध होना चाहिए। अत: उम्मीदवारों के आवेदनों को जिन्होंने अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड / प्रस्तुत नहीं किया है, उनके आवेदन को **"अपूर्ण आवेदन"** के रूप में अस्वीकृत कर दिया गया है। **viii)** कार्यों की प्रकृति को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किए बिना **अनुभव प्रमाणपत्रों** पर भी विचार नहीं किया गया है और उन्हें **'अपूर्ण'**के रूप में खारिज कर दिया गया है। इसीप्रकार, जो आवेदक प्रासंगिक अनुभव का दावा करते हैं, लेकिन उसके समर्थन में संलग्न अनुभव प्रमाणपत्र दावा की गई पूरी अवधि के नहीं हैं या किए गए दावे का समर्थन नहीं करते हैं, उन्हें भी **"अपूर्ण"** के रूप में खारिज कर दिया गया है। हालांकि, जिन उम्मीदवारों ने अपनी वर्तमान स्थिति का प्रासंगिक अनुभव प्रमाणपत्र भाग जमा नहीं किया है, उन्हें पूर्ण अद्यतन अनुभव

	प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने (एसटीपी / सीएफडी) की शर्त पर सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें उनके वर्तमान पद के कार्यों का विधिवत उल्लेख किया गया है, जैसा कि ऑन-लाइन आवेदन में दावा किया गया है। उन उम्मीदवारों के आवेदनों को जिन्होंने न तो मार्कशीट जमा की है और न ही अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता संबंधी डिग्री जमा की है, उनके आवेदनों को "अपूर्ण आवेदन" श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत किया गया है। यदि उम्मीदवार द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ पढ़ने योग्य नहीं हैं तो ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन को भी **"अपूर्ण आवेदन"** श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत कर दिया गया है। **ix)** अध्यापन, प्रशिक्षण अनुभव और जेआरएफ/एसआरएफ के अनुभव को प्रासंगिक नहीं माना गया है। **x)** नियुक्ति पत्रों, कार्यालय आदेशों, पंजीकरण/नामांकन प्रमाण पत्र, त्याग पत्रों, कार्यमुक्ति आदेशों, वेतन प्रमाण पत्र तथा स्वरोजगार प्रमाण पत्रों पर अनुभव के प्रमाण के तौर पर विचार नहीं किया गया है। साथ ही 'इंटर्न' के अनुभव को भी प्रासंगिक अनुभव के रूप में नहीं माना गया है। **xi)** अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित प्रोफार्मा में होना चाहिए, हालांकि, जहां भी आवेदकों ने निर्धारित प्रोफार्मा में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया है, उनके अनुभव प्रमाण पत्र पर मेरिट के आधार पर विचार किया गया है। **xii)** यदि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र में उसके वर्तमान रोजगार के संबंध में पुरानी तारीख है और ऑनलाइन आवेदन में अधिक का दावा किया गया है, तो ऐसे उम्मीदवारों को अद्यतन अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त पर शॉर्टलिस्ट किया गया है।

	xiii) कुछ उम्मीदवारों को एक से अधिक श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत किया जा सकता है। उन्हें सर्वाधिक उपयुक्त श्रेणी के तहत अस्वीकार किया गया है। **नोट:- मापदंड का निर्णय, आयोग द्वारा मामला दर मामला आधार पर किया जाता है।**

शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के अनुक्रमांक	अनुक्रमांक	**01 14 27 35** **(04 उम्मीदवार)**

<u>अस्वीकृत</u>

शार्टलिस्ट नहीं किए गए उम्मीदवारों के अनुक्रमांक	अस्वीकृत श्रेणी	**अनुक्रमांक**
	एलईक्यू (क)	**42 70 72 83 90** **(05 उम्मीदवार)**
	एलईक्यू (ख)	**07 15 17 19 20 23 25 28** **38 39 40 46 47 49 51 52** **53 57 58 62 63 64 65 67** **69 71 74 76 77 78 80 84** **87 92 93 95 97 102 105 110** **111 112 113 116 121 122** **(46 उम्मीदवार)**

	अपूर्ण	02 03 04 05 08 09 10 11 12 13 16 18 21 22 24 26 29 30 31 32 33 34 36 37 41 43 44 45 48 50 54 55 56 59 60/61 66 68 73 75 79 81 82 85 86 88/89 91 94 96 98 99 100 101 103 104 106 107 108 109 114 115 118 119 120 123 124 125 126 127 (68 उम्मीदवार)
	अधिक आयु	06 117 (02 उम्मीदवार)

<u>संकेतक :</u>

(i) एलईक्यू (क) : आवश्यक योग्यता (शैक्षिक) की कमी

(ii) एलईक्यू (ख) : अनुभव योग्यता अनुभव में कमी

टिप्पणी : साक्षात्कार कार्यक्रम यथा समय अपलोड किया जाएगा।

अवर सचिव (भर्ती-V)

हिन्दी और अंग्रेजी में किसी अर्थ भिन्नता की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।